# अध्याय – 02 | मेरे संग की औरतें (मृदुला गर्ग)

## QUIZ-01

1. **मृदुला गर्ग का जन्म कब और कहाँ हुआ था?**
   A. 1940, दिल्ली B. 1938, कोलकाता
   C. 1935, पटना
   D. 1942, लखनऊ (B)

*व्याख्या :* मृदुला गर्ग का जन्म 1938 में कोलकाता में हुआ था।

2. **मृदुला गर्ग ने किस विषय में एम.ए. किया था?**
   A. हिंदी साहित्य B. राजनीति शास्त्र
   C. अर्थशास्त्र
   D. समाजशास्त्र (C)

*व्याख्या :* उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में एम.ए. किया था।

3. **'कठगुलाब' किसकी कृति है?**
   A. मृदुला गर्ग B. अमृता प्रीतम
   C. मन्नू भंडारी
   D. कृष्णा सोबती (A)

*व्याख्या :* 'कठगुलाब' मृदुला गर्ग का एक उपन्यास है।

4. **मृदुला गर्ग की नानी किस प्रकार की औरत थीं?**
   A. पढ़ी-लिखी और आधुनिकB. परंपरागत और अनपढ़
   C. शिक्षक वर्ग से जुड़ी
   D. राजघराने से संबंधित (B)

*व्याख्या :* उनकी नानी परंपरागत और अनपढ़ औरत थीं।

5. **नानी के पति (नाना) कहाँ पढ़ने गए थे?**
   A. ऑक्सफ़ोर्ड विश्वविद्यालयB. कैंब्रिज विश्वविद्यालय
   C. दिल्ली विश्वविद्यालय
   D. जेएनयू (B)

*व्याख्या :* नाना कैंब्रिज विश्वविद्यालय पढ़ने गए थे।

6. **मृत्यु के निकट नानी ने किससे मिलने की इच्छा जताई?**
   A. अपने पति से B. अपनी बेटी से
   C. स्वतंत्रता सेनानी प्यारेलाल माथुर से
   D. अंग्रेज़ अधिकारी से (C)

*व्याख्या :* नानी ने प्यारेलाल माथुर से मिलने की इच्छा व्यक्त की।

7. **नानी ने प्यारेलाल माथुर से क्या माँगा?**
   A. बेटी की पढ़ाई विदेश में कराना
   B. बेटी की शादी किसी साहब के घराना से कराना
   C. बेटी की शादी किसी आज़ादी के सिपाही से कराना
   D. बेटी की संपत्ति सुरक्षित रखना (C)

*व्याख्या :* नानी ने कहा कि उनकी बेटी की शादी किसी आज़ादी के सिपाही से करवाई जाए।

8. **"मौके की नज़ाकत" का तात्पर्य किससे है?**
   A. समय की कोमलता
   B. स्थिति की गंभीरता और संवेदनशीलता
   C. असर की प्रचुरता
   D. क्षण की औपचारिकता (B)

*व्याख्या :* इसका आशय था – स्थिति की गंभीरता और संवेदनशीलता।

9. **नानी की विशेषता क्या थी?**
   A. वे बहुत आधुनिक विचारों वाली थीं
   B. वे अपनी इच्छा प्रकट नहीं करती थीं
   C. वे विदेश यात्रा कर चुकी थीं
   D. वे विद्यालय में अध्यापिका थीं (B)

*व्याख्या :* उन्होंने जीवन भर अपनी इच्छा-आकांक्षा का इज़हार पति से नहीं किया।

10. **नानी ने प्यारेलाल माथुर से बेटी की शादी के बारे में क्या कहा?**
    A. "साहब लोग तय करेंगे।" B. "मेरे पति तय करेंगे।"
    C. "आप तय करेंगे।"
    D. "मैं तय करूँगी।" (C)

*व्याख्या :* नानी ने कहा – "मेरी लड़की के लिए वर आप तय करेंगे"।

मिशन ज्ञान जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें! 100% FREE! Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES Download Mission Gyan App